Series **E1GFH/5**

**Set No. 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/5/3**

*अनुक्रमांक / Roll No.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।*
*Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 32 (**मानचित्र** सहित) हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**). |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड-क** : प्रश्न संख्या **1** से **21** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख** : प्रश्न संख्या **22** से **27** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों की शब्द सीमा में लिखा जाना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग** : प्रश्न संख्या **28** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के **आठ-आठ** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों की शब्द सीमा में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ** : प्रश्न संख्या **31** से **33** तक स्रोत आधारित प्रश्न, जिनमें तीन उपप्रश्न हैं, प्रत्येक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ** : प्रश्न संख्या **34** मानचित्र आधारित **पाँच** अंकों का प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण, वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । इस मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही विकल्प का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and strictly follow them :***

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into **FIVE** Sections – Section **A, B, C, D & E.***

*(iii)* *In* **Section – A** *: Question Nos. **1** to **21** are Multiple Choice Questions (MCQ) type questions.*

*(iv)* *In* **Section – B** *: Question Nos. **22** to **27** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each. Answer to these question should not exceed **60 to 80** words.*

*(v)* *In* **Section – C** *: Question Nos. **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions, carrying **8** marks each. Answer to these question should not exceed **300 to 350** words.*

*(vi)* *In* **Section – D** *: Question Nos. **31** to **33** are Source Based questions with three sub questions are of **4** marks each.*

*(vii)* *In* **Section – E** *: Question No. **34** is Map based question carrying **5** marks that includes the identification and location of significant test items. Attach the map with the answer book.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only* **one** *of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** $21 \times 1 = 21$

1. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से ब्रिटिश अधिकारी की पहचान कर सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

- वे एक चिकित्सक थे जो 1794 से 1815 के दौरान भारत आए।
- उन्होंने बंगाल चिकित्सा सेवा में कार्य किया।
- उन्होंने लॉर्ड वैलेस्ली के सर्जन के रूप में काम किया।
- उन्होंने एक 'कलकत्ता अलीपुर चिड़ियाघर' की स्थापना की।

**विकल्प :**

(A) मार्को पोलो (B) फ्रांसिस बुकानन

(C) फ्रांस्वा बर्नियर (D) कॉलेन मैकेन्ज़ी

2. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सुमेलित है ? 1

I. तमिलनाडु में चोल

II. वांरगल में होयसाल

III. दक्कन के सुल्तान


IV. उड़ीसा के गजपति

**विकल्प :**

(A) I, II और III (B) I, II और IV

(C) I, III और IV (D) II, III और IV

3. निम्नलिखित विकल्पों में से दिए गए मंदिर की पहचान कीजिए : 1



**विकल्प :**

(A) विठ्ठल मंदिर (B) बृहदेश्वर मंदिर

(C) विरुपाक्ष मंदिर (D) कैलाश मंदिर

## SECTION – A

**(Multiple Choice Type Questions)** **21 × 1 = 21**

1. Identify the British official with the help of the following information and select the correct option : **1**

- He was a Physician, came to India during 1794 to 1815.
- He served in the Bengal Medical Services.
- He served as Surgeon to the Lord Wellesley.
- He organised 'Calcutta Alipore Zoo'.

**Options :**

(A) Marco Polo (B) Francis Buchanan

(C) Francois Bernier (D) Colon Meckenzie

2. Which of the following are correctly matched ? **1**

I. Cholas in Tamil Nadu

II. Hoysala in Warangal

III. Sultans of the Deccan


IV. Gajapati of Orissa

**Options :**

(A) I, II and III (B) I, II and IV

(C) I, III and IV (D) II, III and IV

3. Identify the given image of a temple from the following options : **1**



**Options :**

(A) Vitthala Temple (B) Brihadeshwara Temple

(C) Virupaksha Temple (D) Kailasha Temple

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 3 के स्थान पर है ।**

निम्नलिखित में से कौन सा विजयनगर साम्राज्य का पहला राजवंश था ?

(A) संगम वंश

(B) तुलुव वंश

(C) सुलुव वंश

(D) अराविदु वंश

4. कृष्णदेव राय से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ? 1

(A) वह तुलुव वंश के थे ।

(B) उनके शासन की विशेषता विस्तार और सुदृढ़ीकरण थी ।

(C) उन्होंने कृष्णापुरम् नामक एक उपनगर की स्थापना की ।

(D) राजकला पर उनका कार्य 'अमुक्तमाल्यदा' के नाम से जाना जाता है ।

5. निम्नलिखित में से किन फसलों को मुगल साम्राज्य में 'जिन्स-ए-कामिल' माना जाता था ? 1

(A) मक्का और बाजरा

(B) चावल और गेहूँ

(C) मिर्ची और आलू

(D) कपास और गन्ना

6. भक्ति की प्रारंभिक परंपराओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही कथन का चयन कीजिए : 1

I. इतिहासकारों ने परंपराओं को जानने के लिए संतों की जीवनी का चित्रण किया ।

II. कई मान्यताओं और प्रथाओं को 'महान' और 'लघु' संस्कृत पौराणिक परंपराओं का नाम दिया ।

III. भक्ति परंपराओं को दो व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया – सगुण और निर्गुण ।

IV. निर्गुण भक्ति में गुणों के साथ भगवान की पूजा की जाती थी ।

**विकल्प :**

(A) I, II और III

(B) I, II और IV

(C) I, III और IV

(D) II, III और IV

**Note : The following question is for the Visually Impaired candidates in lieu of question number 3.**

Which one of the following dynasties was the first dynasty of Vijaynagara empire ?

(A) Sangama dynasty (B) Tuluva dynasty

(C) Saluva dynasty (D) Aravidu dynasty

4. Which of the following statements regarding Krishnadeva Roy is incorrect ? 1

(A) He belonged to the Tuluva dynasty.

(B) His rule was characterised by expansion and consolidation.

(C) He founded a suburban township called Krishnapuram.

(D) He composed a work on statecraft known as 'Amuktamalyada'.

5. Which of the following crops were considered as 'Jins-i-Kamil' in the Mughal Empire ? 1

(A) Maize and Bajra (B) Rice and Wheat

(C) Chillies and Potatoes (D) Cotton and Sugarcane

6. Consider the following statements regarding the early traditions of Bhakti and select the correct ones : 1

I. Historians draw on hagiographies of saints for knowing traditions.

II. Many beliefs and practices were shaped through 'great' and 'little' Sanskritic Puranic traditions.

III. Bhakti tradition was classified into two broad categories Saguna and Nirguna.

IV. God was worshipped with attributes in the Nirguna bhakti.

**Options :**

(A) I, II and III (B) I, II and IV

(C) I, III and IV (D) II, III and IV

7. निम्नलिखित में से किस देश से 'अफानसी निकितिन' संबंधित था ? 1

(A) रूस (B) पुर्तगाल

(C) स्पेन (D) फ्रांस

8. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? 1

(A) बुद्ध का जन्म साँची में हुआ था।

(B) बुद्ध ने लुम्बिनी में ज्ञान प्राप्त किया था।

(C) बुद्ध ने अपना पहला उपदेश बोधगया में दिया।

(D) बुद्ध ने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया।

9. निम्नलिखित राजवंशों को कालानुक्रमिक क्रम में सुव्यवस्थित कीजिए : 1

I. नंद

II. शुंग

III. मौर्य

IV. गुप्त

**विकल्प :**

(A) IV, II, III और I (B) II, I, IV और III

(C) I, III, II और IV (D) III, I, IV और II

10. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए : 1

| **स्तंभ-I (पुरातत्त्वविद्)** | **स्तंभ-II (योगदान)** |
|---|---|
| (a) एस.एन. राव | (i) द मिथिकिल मैसेकर एट मोहनजोदड़ो |
| (b) जी.एफ. डेल्स | (ii) एंशियंट इंडिया |
| (c) आर.ई.एम. व्हीलर | (iii) द स्टोरी ऑफ इंडियन ऑरक्योलॉजी |
| (d) जॉन मार्शल | (iv) मोहनजोदड़ो एंड द इंडस |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | iv | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

7. Which one of the following countries did 'Afanasi Nikitin' belong to ? **1**

(A) Russia (B) Portugal

(C) Spain (D) France

8. Which one of the following statement is correct ? **1**

(A) Buddha was born in Sanchi.

(B) Buddha attained enlightenment in Lumbini.

(C) Buddha delivered his first sermon in Bodhgaya.

(D) Buddha attained Mahaparinirvana at Kushinagar.

9. Arrange the following dynasties in chronological order : **1**

I. Nandas

II. Shungas

III. Mauryas

IV. Guptas

**Options :**

(A) IV, II, III and I (B) II, I, IV and III

(C) I, III, II and IV (D) III, I, IV and II

10. Match the following : **1**

| **Column-I (Archeologists)** | | **Column-II (Contribution)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | S.N. Roy | (i) | The Mythical Massacre At Mohenjodaro |
| (b) | G.F. Dales | (ii) | Ancient India |
| (c) | R.E.M. Wheeler | (iii) | The Story of Indian Archaeology |
| (d) | John Marshall | (iv) | Mohenjodaro and the Indus |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | iv | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

11. निम्नलिखित में से किसने संस्कृत व्याकरण पर "अष्टाध्यायी" नामक ग्रंथ की रचना की ? 1

(A) आर्यभट्ट
(B) भारद्वाज
(C) चरक
(D) पाणिनी

12. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दिया गया है । 1

**अभिकथन (A) :** 'सिपाह-आबादी' पुस्तक मुगलों के सैन्य और नागरिक प्रशासन पर महत्त्वपूर्ण किताब थी ।

**कारण (R) :** किताब में मनसबदारों, कवियों आदि जैसे शाही अधिकारियों की लघु जीवनियाँ शामिल थीं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है पर (R) सही नहीं है ।
(D) (R) सही है पर (A) सही नहीं है ।

13. 1850 के दशक के दौरान निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को अंग्रेजों द्वारा "बंगाल आर्मी की पौधशाला" कहा जाता था ? 1

(A) बनारस
(B) अवध
(C) बैरकपुर
(D) आजमगढ़

14. संविधान सभा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कीजिए : 1

(A) मोतीलाल नेहरू ने राष्ट्रीय ध्वज का प्रस्ताव पेश किया ।
(B) जी.बी. पंत कानूनी सलाहकार थे ।
(C) सरदार पटेल संवैधानिक सलाहकार थे ।
(D) के.एम. मुंशी को फ्रंटियर गांधी कहा जाता था ।

11. Who among the following was the author of 'Ashtadhyayi', a work on Sanskrit grammar ? **1**

(A) Aryabhatta (B) Bhardwaj

(C) Charaka (D) Panini

12. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). **1**

**Assertion (A) :** The book 'Sipah Abadi' was the important book on the military and civil administration of the Mughals.

**Reason (R) :** Book includes short biographical sketches of imperial officials like Mansabdars, Poets etc.

(A) Both (A) and (R) are correct but (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct but (R) is not correct.

(D) (R) is correct but (A) is not correct.

13. Which one of the following regions was called as the "Nursery of the Bengal Army" by the British during 1850's ? **1**

(A) Banaras (B) Awadh

(C) Barrackpur (D) Azamgarh

14. Consider the given statements regarding Constituent Assembly and select the correct from the following options : **1**

(A) Motilal Nehru moved resolution of National flag in the Constituent Assembly.

(B) G.B. Pant was the Legal Advisor.

(C) Sardar Patel was the Constitutional Advisor.

(D) K.M. Munshi was called as Frontier Gandhi.

15. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'सुदर्शन झील' का पुनर्निर्माण किया था ? 1

(A) चश्तना (B) रुद्रदमन

(C) समुद्रगुप्त (D) विक्रमादित्य

16. दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से दूसरी शताब्दी ई. के दौरान निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सातवाहन् शासन करते थे ? 1

(A) उत्तर और दक्कन भारत (B) पश्चिमी और दक्कन भारत

(C) दक्कन और पूर्वी भारत (D) पूर्वी और उत्तर भारत

17. निम्नलिखित में से किस शासक ने साँची स्तूप के संरक्षण पर कार्य किया ? 1

(A) रुक़सार बेगम (B) जहाँआरा बेगम

(C) रोशनारा बेगम (D) शाहजहाँ बेगम

18. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है ? 1

| **स्तंभ-I (नेता)** | | **स्तंभ-II (संविधान सभा में भूमिका)** | |
|---|---|---|---|
| a. | जवाहरलाल नेहरू | i. | संविधान सभा के अध्यक्ष |
| b. | बी.आर. अम्बेडकर | ii. | संविधान के सलाहकार |
| c. | राजेन्द्र प्रसाद | iii. | प्रारूप समिति के अध्यक्ष |
| d. | बी.एन. राव | iv. | 'उद्देश्य प्रस्ताव' पर कार्य किया |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | ii | iii | iv | i |

15. Who among the following rulers rebuilt 'Sudarshan Lake' ? **1**

(A) Chashtana (B) Rudradaman

(C) Samudragupta (D) Vikramaditya

16. In which of the following regions Satvahanas ruled during second century BCE to Second century CE ? **1**

(A) Northern and Deccan India (B) Western and Deccan India

(C) Deccan and Eastern India (D) Eastern and Northern India

17. Who among the following rulers worked on the preservation of Sanchi Stupa ? **1**

(A) Ruksar Begum (B) Jahanara Begum

(C) Roshnara Begum (D) Shahjahan Begum

18. Match the following : **1**

| **Column-I (Leaders)** | **Column-II (Role in the Constituent Assembly)** |
|---|---|
| a. Jawaharlal Nehru | i. President of the Constituent Assembly |
| b. B.R. Ambedkar | ii. Constitutional Advisor |
| c. Rajendra Prasad | iii. Chairman of the Drafting Committee |
| d. B.N. Rau | iv. Worked on the 'Objective Resolution' |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | ii | iii | iv | i |

19. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दिया गया है । 1

**अभिकथन (A) :** गांधीजी ने रॉलेट एक्ट के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया ।

**कारण (R) :** अंग्रेजों ने लोगों को बिना जाँच के जेल में डालने हेतु शासन को अधिकृत किया ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

(D) (R) सही है, लेकिन (A) सही नहीं है ।

20. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से महाभारत के चरित्र की पहचान कीजिए : 1

- वह गांधारी के पति थे ।
- वह हस्तिनापुर के राजा बने ।

(A) पांडु (B) धृतराष्ट्र

(C) युधिष्ठिर (D) दुर्योधन

21. निम्नलिखित विकल्पों से 1857 के विद्रोह की घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम ज्ञात कीजिए : 1

I. अवध में वेलेस्ली द्वारा शुरू किया गया सहायक संधि ।

II. नवाब वाज़िद अली शाह को अपदस्थ किया गया ।

III. अवध में अंग्रेज़ों द्वारा शुरू किया गया एकमुश्त राजस्व बंदोबस्त ।

IV. मेरठ में विद्रोह का आरंभ ।

**विकल्प :**

(A) I, II, III और IV (B) II, III, IV और I

(C) III, II, I और IV (D) IV, I, II और III

19. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). **1**

**Assertion (A) :** Gandhiji called for a countrywide agitation against the Rowlatt Act.

**Reason (R) :** British authorized the government to imprison people without trial.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is not correct.

(D) (R) is correct but (A) is not correct.

20. Identify the character of Mahabharata with the help of the following information : **1**

| |
|---|
| ● Was the husband of Gandhari. |
| ● Became the King of Hastinapur. |

(A) Pandu (B) Dhritrashtra

(C) Yudhisthira (D) Duryodhana

21. Find out the chronological order of the events of the Revolt of 1857 : **1**

I. Subsidiary Alliance introduced by Wellesley in Awadh.

II. Nawab Wajid Ali Shah deposed.

III. Summary Revenue settlement introduced in Awadh by the British.

IV. Mutiny started in Meerut.

**Options :**

(A) I, II, III and IV (B) II, III, IV and I

(C) III, II, I and IV (D) IV, I, II and III

## खण्ड – ख

**(लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** $6 \times 3 = 18$

22. भारतीय संस्कृतीविद् वी.एस. सुथांकर और उनके दल ने महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण किस प्रकार तैयार किया ? स्पष्ट कीजिए । 3

23. (a) फारसी राजदूत अब्दुर रज़्ज़ाक विजयनगर की किलेबंदी से बहुत प्रभावित क्यों हुए ? स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

(b) 'महानवमी डिब्बा' विजयनगर का मुख्य अनुष्ठान केन्द्र क्यों था ? स्पष्ट कीजिए । 3

24. प्राचीन मुद्राशास्त्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 3

25. मुगल ग्रामीण समाज को जानने के स्रोतों की परख कीजिए । 3

26. "संविधान सभा में केन्द्र और राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारों के विषय में चर्चा की गई ।" सहायक तर्क देते हुए कथन का विश्लेषण कीजिए । 3

27. (a) '1857 में विद्रोही उद्घोषणाओं में समाज के सभी तबकों से एकता की अपील की गई ।' उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए । 3

**अथवा**

(b) "इतिहास लेखन की तरह कला और साहित्य ने 1857 की स्मृति को जीवित रखने में योगदान दिया ।" रानी लक्ष्मीबाई के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए । 3

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** **6 × 3 = 18**

22. Analyse the role of Indian Sanskritist V.S. Suthankar and his team in the preparation of critical edition of Mahabharata. **3**

23. (a) Why was Persian ambassador Abdur Razzaq greatly impressed by the fortifications of Vijayanagara empire ? Explain. **3**

**OR**

(b) Why was the 'Mahanavami Dibba' a centre of main Vijayanagara rituals ? Explain. **3**

24. Describe any three features of ancient numismatics. **3**

25. Examine the sources to know about Mughal rural society. **3**

26. "One of the topics most vigorously debated in the Constituent Assembly was the respective rights of the Central and the State governments." Analyse the statement with supporting arguments. **3**

27. (a) 'The Rebel proclamations of 1857 appealed to all the sections of the population for Unity.' Explain the statement with examples. **3**

**OR**

(b) "Art and Literature as much as the writing of history have helped in keeping alive the memory of 1857." Explain the statement in reference to Rani Lakshmibai. **3**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** $3 \times 8 = 24$

28. (a) हड़प्पा की नगर योजना का वर्णन कीजिए । 8

**अथवा**

(b) हड़प्पा सभ्यता की खोज में 1875 से 1950 तक के विभिन्न पुरातत्त्वविदों के योगदान का वर्णन कीजिए । 8

29. (a) 'प्रारंभिक शताब्दियों में इस्लाम में सूफी कहे जाने वाले धार्मिक विचारों वाले लोग तपश्चर्या और रहस्यवाद की ओर मुड़े ।' उनकी परंपराओं के संदर्भ में कथन की व्याख्या कीजिए । 8

**अथवा**

(b) 'मीरा बाई, उत्तर भारतीय हिंदू परम्परा की एक प्रसिद्ध भक्त थीं ।' उनके दर्शन और विचारों की व्याख्या कीजिए । 8

30. (a) एक राष्ट्रवादी नेता के रूप में गांधीजी के बारे में जानने के स्रोतों का वर्णन कीजिए । 8

**अथवा**

(b) 'असहयोग आंदोलन' के कारणों और घटनाओं का वर्णन कीजिए । 8

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **3 × 8 = 24**

28. (a) Describe the town planning of Harappa. 8

**OR**

(b) Describe the contributions of various archaeologists from 1875 till 1950 in discovering the Harappan civilization. 8

29. (a) 'In the early centuries of Islam a group of religious minded people called Sufis turned to asceticism and mysticism.' Explain the statement in reference to their tradition. 8

**OR**

(b) 'Meerabai was a well known poet of North Indian Hindu Tradition.' Explain her philosophy and belief system. 8

30. (a) Describe the sources to know about Gandhiji as a Nationalist Leader. 8

**OR**

(b) Describe the causes and events of the 'Non Co-operation Movement'. 8

## खण्ड – घ

**(स्रोत आधारित प्रश्न)** **4 × 3 = 12**

31. निम्नलिखित स्रोत का पठन कीजिए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**समाचार–पत्र में छपी रिपोर्ट**

'रैयत और साहूकार' शीर्षक नामक निम्नलिखित रिपोर्ट 6 जून, 1876 के 'नेटिव ओपीनियन' नामक समाचार–पत्र में छपी और उसे मुंबई के नेटिव न्यूज़पेपर्स की रिपोर्ट में यथावत उद्धृत किया गया (हिंदी अनुवाद प्रस्तुत है) :

"वे (रैयत) सर्वप्रथम अपने गाँवों की सीमाओं पर यह देखने के लिए जासूसी करते हैं कि क्या कोई सरकारी अधिकारी आ रहा है और अपराधियों को समय रहते उनके आने की सूचना दे देते हैं । फिर वे एक झुंड बनाकर अपने ऋणदाताओं के घर जाते हैं और उनसे उनके ऋणपत्र और अन्य दस्तावेज़ माँगते हैं और इंकार करने पर ऋणदाताओं पर हमला करके छीन लेते हैं । यदि ऐसी किसी घटना के समय कोई सरकारी अधिकारी उन गाँवों की ओर आता हुआ दिखाई दे जाता है तो गुप्तचर अपराधियों को इसकी ख़बर पहुँचा देते हैं और अपराधी समय रहते ही तितर–बितर हो जाते हैं" ।

31.1 अखबार में दी गई रिपोर्ट दक्कन के ग्रामीण इलाकों के बारे में क्या दर्शाती है ? **1**

31.2 साहूकारों के खिलाफ रैयतों के विद्रोह के कारणों की जाँच कीजिए । **1**

31.3 उन तरीकों की परख कीजिए जिनके माध्यम से रैयत अंग्रेजों की जासूसी करते थे । **2**

## SECTION – D

**(Source Based Questions)** **4 × 3 = 12**

31. Read the following source and answer the questions that follows : **1 + 1 + 2 = 4**

**A newspaper report**

The following report, titled 'The ryot and the moneylender', appeared in the Native Opinion (6 June, 1876), and was quoted in *Report of the Native Newspapers of Bombay* :

> They (the *ryots*) first place spies on the boundaries of their villages to see if any Government officers come, and to give timely intimation of their arrival to the offenders. They then assemble in a body and go to the houses of their creditors, and demand from them a surrender of their bonds and other documents, and threaten them in case of refusal with assault and plunder. If any Government officer happens to approach the villages where the above is taking place, the spies give intimation to the offenders and the latter disperse in time.

31.1 What does the given report of newspaper show about the Deccan Countryside ? **1**

31.2 Examine the causes of revolt by the ryots against moneylender. **1**

31.3 Examine the ways through which ryots spied the British. **2**

32. निम्नलिखित स्रोत का पठन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

***थेरीगाथा***

यह अनूठा बौद्ध ग्रंथ *सुत्त पिटक* का हिस्सा है । इसमें भिक्खुनियों द्वारा रचित छंदों का संकलन किया गया है । इससे महिलाओं के सामाजिक और आध्यात्मिक अनुभवों के बारे में अंतर्दृष्टि मिलती है । पुन्ना नाम की एक दासी अपने मालिक के घर के लिए प्रतिदिन सुबह नदी का पानी लाने जाती थी । वहाँ वह हर दिन एक ब्राह्मण को स्नान कर्म करते हुए देखती थी । एक दिन उसने ब्राह्मण से बात की । निम्नलिखित पद्य की रचना पुन्ना ने की थी जिसमें ब्राह्मण से उसकी बातचीत का वर्णन है :

मैं जल ले जाने वाली हूँ :

कितनी भी ठंड हो

मुझे पानी में उतरना ही है

सज़ा के डर से

या ऊँचे घरानों की स्त्रियों के कटु वाक्यों के डर से ।

हे ब्राह्मण तुम्हें किसका डर है,

जिससे तुम जल में उतरते हो

(जबकि) तुम्हारे अंग ठंड से काँप रहे हैं ?

32. Read the following source and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**The Therigatha**

This unique Buddhist text, part of the *Sutta Pitaka*, is a collection of verses composed by bhikkhunis. It provides an insight into women's social and spiritual experiences. Punna, a *dasi* or slave woman, went to the river each morning to fetch water for her master's household. There she would daily see a Brahmana performing bathing rituals. One morning she spoke to him. The following are verses composed by Punna, recording her conversation with the Brahmana :

I am a water carrier :

Even in the cold

I have always gone down to the water

frightened of punishment

Or the angry words of high class women.

So what are you afraid of Brahmana,

That makes you go down to the water

(Though) your limbs shake with the bitter cold ?

ब्राह्मण बोले :

मैं बुराई को रोकने के लिए अच्छाई कर रहा हूँ;

बूढ़ा या बच्चा

जिसने भी कुछ बुरा किया हो

जल में स्नान करके मुक्त हो जाता है ।

पुन्ना ने कहा :

यह किसने कहा है

कि पानी में नहाने से बुराई से मुक्ति मिलती है ?...

वैसा हो तो सारे मेढक और कछुए स्वर्ग जाएँगे

साथ में पानी के साँप और मगरमच्छ भी !

(इसके बदले में) वे कर्म न करें

जिनका डर

आपको पानी की ओर खींचता है ।

हे ब्राह्मण, अब तो रुक जाओ !

अपने शरीर को ठंड से बचाओ...

32.1 यह स्रोत पुन्ना के आध्यात्मिक अनुभव की अंतर्दृष्टि किस प्रकार प्रदान करता है ? **1**

32.2 एक जागृत आत्मा के रूप में पुन्ना किस प्रकार प्रतिबिम्बित होती है ? **1**

32.3 इस स्रोत से बुद्ध की कौन सी शिक्षाएँ स्पष्ट होती हैं ? **2**

The Brahmana replied:

I am doing good to prevent evil;
anyone young or old
who has done something bad
is freed by washing in water.

Punna said :
Whoever told you
You are freed from evil by washing in the water ? ....
In that case all the frogs and turtles
Would go to heaven, and so would the water snakes
and crocodiles!
(Instead) Don't do that thing,
the fear of which
leads you to the water.
Stop now Brahmana!
Save your skin from the cold ...

32.1 How does the text provide an insight into Punna's spiritual experience ? **1**

32.2 How is Punna reflected as an awakened soul ? **1**

32.3 Which of the teachings to Buddha are evident in the composition ? **2**

33. निम्नलिखित स्रोत का पठन कीजिए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**शिक्षा तथा मनोरंजन**

इब्न जुज़ाई जिसे इब्न बतूता के श्रुतलेखों को लिखने के लिए नियुक्त किया गया था, अपनी प्रस्तावना में लिखता है :

(राजा के द्वारा) एक शालीन निर्देश दिया गया कि वे (इब्न बतूता) अपनी यात्रा में देखे गए शहरों का तथा अपनी स्मृति में बैठ गई रोचक घटनाओं का एक वृत्तांत लिखवाएँ और साथ ही विभिन्न देशों के शासकों में से जिनसे वे मिले, उनके महान साहित्यकारों के तथा उनके धर्मनिष्ठ संतों के विषय में बताएँ । तद्नुसार उन्होंने इन सभी विषयों पर एक कथानक लिखवाया जिसने मस्तिष्क को मनोरंजन तथा कान और आँखों को प्रसन्नता दी । साथ ही उन्होंने कई प्रकार के असाधारण विवरण, जिनके प्रतिपादन से लाभप्रद उपदेश मिलते हैं, दिए तथा असाधारण चीज़ों के बारे में बताया जिनके संदर्भ से अभिरुचि जगी ।

33.1 मोरक्को के सुल्तान ने इब्न बतूता को इब्न जुज़ाई से अपनी यात्रा की कहानी को कहने का आग्रह क्यों किया ? **1**

33.2 इब्न बतूता ने अपनी यात्राओं के दौरान जिन स्थानों की खोज की, उन पर प्रकाश डालिए । **1**

33.3 इब्न बतूता के यात्रा वृत्तांत उसके द्वारा भारत में देखी गई चीजों को कैसे व्यक्त करते हैं ? **2**

33. Read the following source and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**Education and Entertainment**

This is what Ibn Juzayy, who was deputed to write what Ibn Battuta dictated, said in his introduction :

> A gracious direction was transmitted (by the ruler) that he (Ibn Battuta) should dictate an account of the cities which he had seen in his travel, and of the interesting events which had clung to his memory, and that he should speak of those whom he had met of the rulers of countries, of their-distinguished men of learning, and their pious saints. Accordingly, he dictated upon these subjects a narrative which gave entertainment to the mind and delight to the ears and eyes, with a variety of curious particulars by the exposition of which he gave edification and of marvellous things, by referring to which he aroused interest.

33.1 Why did the Sultan of Morocco insist Ibn Battuta to dictate the story of his travel to Ibn Juzayy ? **1**

33.2 Highlight the places Ibn Battuta explored during his travel. **1**

33.3 What do Ibn Battuta's travel account reveal about the things he noted in India ? **2**

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** **$1 \times 5 = 5$**

34.1 भारत के दिए राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर उपयुक्त चिह्नों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइये और उनके नाम लिखिए :

I. साँची – एक स्तूप **1**

II. धौलावीरा – विकसित हड़प्पा पुरास्थल **1**

III. (a) शाहजहांनाबाद (दिल्ली) – मुगलों के अधीन एक क्षेत्र **1**

**अथवा**

(b) गोलकुंडा – 14वीं से 18वीं सदी का साम्राज्य **1**

34.2 इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर 1857 के विद्रोह के दो केन्द्रों को 'A' और 'B' से चिह्नित किया गया है। उन्हें पहचान कर उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। **2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं :**

34.1 विकसित हड़प्पा काल के किन्हीं दो पुरास्थलों के नाम लिखिए। **2**

34.2 (a) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए। **1**

**अथवा**

(b) विजयनगर की राजधानी का नाम लिखिए। **1**

34.3 1857 के विद्रोह के किन्हीं दो केन्द्रों का नाम लिखिए। **2**

## SECTION – E

**(Map Based Questions)** **1 × 5 = 5**

34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

I. Sanchi – A Stupa **1**

II. Dholavira – A matured Harappan Site **1**

III. (a) Shahjahanabad (Delhi) – Territory under the control of Mughals. **1**

**OR**

(b) Golconda – An empire of 14th to 18th century. **1**

34.2 On the same outline map, two places related with the centres of the Revolt of 1857 have been marked as 'A' and 'B'. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. **2**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 34 :**

34.1 Name any two sites of the matured Harrapan period. **2**

34.2 (a) Name any one territory under the control of Mughal empire. **1**

**OR**

(b) Name the capital of Vijayanagara empire. **1**

34.3 Name any two centres of the Revolt of 1857. **2**

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. **34** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **34**

